

जुलाई–2018

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

**पहल**

**जन कल्याण सेवाएँ**

**अन्दर के पृष्ठों पर...**

- ➡ उपलब्धियाँ
- ➡ सराहनीय कार्य
- ➡ उल्लेखनीय कार्य
- ➡ कल्याणकारी कार्य

**आदेश, अभियान एवं गोष्ठी**

**विविध**

### एम.ओ.यू.

दिनांक 20.06.2018 को उ.प्र. पुलिस एवं डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के मध्य एम.ओ.यू सम्पन्न हुआ। उ.प्र. पुलिस की ओर से श्री संजय सिंघल, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ की ओर से श्री यशवन्त राव, रजिस्टार (प्रभारी) ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये।







एम.ओ.यू. में मुख्य रुप से पुलिस एवं अंतिम वर्ष के विधि छात्रों के मध्य विचारों का आदान–प्रदान, पुलिसजन/विवेचकों को साक्ष्य अधिनियम, कानूनी साक्ष्य, अभियोजन के सम्बन्ध में अधिकारों एवं मा. न्यायालयों के निर्णयों के बारे में अद्यतन जानकारी, नये विषयों पर प्रशिक्षण, कानूनी प्रकरणों, फोरेंसिक जाँच, अभियोजन, व्यावसायिकता एवं जोखिम के बारे में पुलिस अधिकारियों और छात्रों के मध्य विचार–विमर्श इत्यादि को शामिल किया गया है।

### पुलिस समर कैम्प

दिनांक 24.06.2018 से 26.06.2018 तक प्रदेश के 12 जनपदों (लखनऊ, कानपुर नगर, झाँसी, आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, गोरखपुर, मेरठ, बरेली, मुरादाबाद, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद) की पुलिस लाइन्स में 08 से 14 वर्ष के बच्चों के लिये 03 दिवसीय पुलिस समर कैम्प यूनीसेफ के सहयोग से सम्पन्न किये गये जिसमें 743 बच्चों ने भाग लिया।








पुलिस लाइन, लखनऊ में समर कैम्प का उद्घाटन मा. राज्यमंत्री, श्रीमती स्वाती सिंह ने किया। इस अवसर पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., पुलिस परिवार कल्याण एसोशिएशन की अध्यक्षा, श्रीमती नीलम सिंह, एडीजी, लखनऊ ज़ोन, एडीजी, तकनीकी सेवायें, आईजी, एटीएस, एसएसपी, लखनऊ सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों में आत्मजागरूकता और सुरक्षा की भावना पैदा करना, पुलिस की कार्यप्रणाली, यातायात नियमों, नशामुक्ति व आत्मरक्षा के गुर, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबन्धन, अग्निशमन सुरक्षा इत्यादि के बारे में जानकारी देना था। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने गौतमबुद्धनगर में पुलिस समर कैम्प में भाग लेकर प्रतिभागी बच्चों से उनके अनुभव के बारे में वार्ता की तथा गाजियाबाद में दिनांक 26.06.2018 को समर कैम्प–2018 का समापन करते हुए प्रतिभागी बच्चों को स्व–हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र दिये गये।

## जन कल्याण सेवाएँ

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा दिनांकः 22.05.2018 को अप्रवासी भारतीयों हेतु लॉन्च किये गये ट्विटर हैण्डल @UPPolNRI पर सिंगापुर में निवासित श्रीमती कावेरी चतुर्वेदी ने @Ghosh Kaveri से दिनांकः 01.06.2018 को ट्वीट किया जिस पर गौतमबुद्धनगर पुलिस ने इनके किराएदार से वार्ता कर इनके फ्लैट की चाभी दिलवायी। उक्त NRI ने ट्वीट दिनांकः 05.06.2018 द्वारा कार्य की प्रशंसा की।

- कनाडा में निवासित श्री निखिल के दिनांकः 30.05.2018 को @NikhilCanada के ट्वीट पर जालौन पुलिस ने उनके पिता की साइकिल दिलवायी जिसकी उक्त NRI ने ट्वीट दिनांकः 02.06.2018 द्वारा प्रशंसा की।

- हमीरपुर में दिनांक 26/27.06.2018 की रात्रि में स्थानीय पुलिस कर्मियों द्वारा 02 व्यक्तियों को बेवजह मारने के प्रकरण की मौके पर जाँच करने हेतु पुलिस महानिदेशक, उ.प्र ने आईजी, लोक शिकायत को भेजा। जाँच से अकारण पुलिसकर्मियों द्वारा मारना-पीटना पाया गया जिस पर पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 01 एस.आई. व 02 आरक्षी को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही एवं मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये।

- डीजी-परिपत्र संख्या-32/2018 दिनांक 21.06.2018 द्वारा गुमशुदा बच्चों के अपराध पंजीकरण, विवेचनात्मक कार्यवाही, बरामदगी इत्यादि सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं।

## सराहनीय कार्य

- दिनांक 22.06.2018 : नौकरी का लालच देकर धोखाधड़ी करके फर्जी कम्पनी बनाकर बेरोजगारों को गुमराह करके पेटीएम के माध्यम से पैसा डलवाने वाले गिरोह के सरगना सहित 03 अभियुक्त गाजियाबाद से गिरफ्तार।

- दिनांक 21.06.2018 : CBI में भर्ती कराने एवं चैकिंग के नाम पर पैसे ठगी करने वाले गैंग के 04 अभियुक्त गाज़ियाबाद से गिरफ्तार।

- हरपाल सैनी तथा सह अभियुक्त राकेश शर्मा के विरूद्ध अमरोहा में वर्ष 2006 में एनएसए की कार्यवाही हुई थी। पेशी से वापसी के दौरान दिनांक 13.09.2006 को पुलिस अभिरक्षा से दोनों अभियुक्त फरार हो गये। राकेश शर्मा को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे द्वारा एक लाख रूपये के इनामी अभियुक्त हरपाल सैनी को लगभग 12 वर्ष बाद दिनांक 17.06.2018 को गिरफ्तार किया गया।

- दिनांक 06/07.06.2018 : बहराइच में हरियाली रिसॉर्ट के समीप पेट्रोल पम्प से कुछ व्यक्ति तेल भरवाकर सेल्समैन को अपने 04 पहिया वाहन यूपी 42 एबी 2221 में अपहृत कर फरार हो गये। उक्त वाहन को श्रावस्ती में पकड़कर अपहृत सेल्समैन को छुड़ाया व 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

- दिनांक 19.06.2018 : गोरखपुर टेरर फण्डिंग प्रकरण में वांछित मास्टर माइण्ड रमेश शाह पुणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार।

### एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रू.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 50,000.00 | 28.06.18 | इलाहाबाद | 02 |
| 25,000.00 | 14.06.18 | अलीगढ़ | 01 |
| | 07.06.18 | महाराष्ट्र | 01 |
| 20,000.00 | 08.06.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 15,000.00 | 30.06.18 | सीतापुर | 01 |

- दिनांक 24.06.2018 : दिल्ली में विभिन्न प्रदेशों के बिजली विभाग के चोरी के तार/केबिल अन्य उपकरणों की बरामदगी।

- दिनांक 22.06.2018 : बरेली टाप कैरेट शोरूम में हुई लूट की घटना का अनावरण कर 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

- दिनांक 21.06.2018 : भाग्यश्री ट्रान्सपोर्ट कम्पनी, सूरत, गुजरात का कपड़ों से भरा ट्रक लूटने वाले गिरोह का सरगना सहित 03 शातिर अपराधी मुरादाबाद से गिरफ्तार।

- दिनांक 19.06.2018: उ.प्र.पु. आरक्षी पद की परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के 23 सदस्य मेरठ से व बेसिक शिक्षा विभाग, मथुरा में शिक्षक भर्ती में अनियमितताओं के कुल 16 व्यक्ति गिरफ्तार।

- दिनांक 18.06.2018 : उ.प्र.पु. भर्ती बोर्ड परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के 06 सदस्य इलाहाबाद से व बिजली विभाग, उ.प्र. की सरकारी खरीद के उपकरणों को विभागीय लोगों की मिलीभगत से चोरी कर बेचने वाले 04 अभियुक्त कानपुर नगर से गिरफ्तार।

- दिनांक 04.06.2018 : मुन्ना बजरंगी गिरोह के 02 सदस्य गिरफ्तार, दिनांक 01.06.2018 : गाजियाबाद से एच.सी.एल. का अपहृत इंजीनियर राजीव कुमार बरामद व अपहर्ता गिरफ्तार।

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम(रू.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,00,000.00 | 12.06.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 09.06.18 | सीतापुर | 01(मृत्यु) |
| 50,000.00 | 27.06.18 | इटावा | 01 |
| | 18.06.18 | आजमगढ | 02 |
| | 05.06.18 | सहारनपुर | 01 |
| | 04.06.18 | मुजफ्फरनगर | 01(मृत्यु) |
| 25,000.00 | 29.06.18 | एटा | 01 |
| | 28.06.18 | गाजियाबाद | 01 |
| | 27.06.18 | खीरी | 01 |
| | 27.06.18 | फतेहगढ़ | 01 |
| | 25.06.18 | गजियाबाद | 01 |
| | 24.06.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 23.06.18 | मेरठ | 01 |
| | 20.06.18 | गाजियाबाद | 03 |
| | 17.06.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 15.06.18 | रामपुर | 01 |
| | 15.06.18 | बहराइच | 01 |
| | 15.06.18 | सीतापुर | 01 |
| | 14.06.18 | चन्दौली | 01 |
| | 14.06.18 | एटा | 01 |
| | 13.06.18 | झाँसी | 01 |
| | 09.06.18 | मुरादाबाद | 01 |
| | 04.06.18 | जालौन | 01 |
| | 03.06.18 | शाहजहाँपुर | 01 |
| | 02.06.18 | शाहजहाँपुर | 01 |
| 20,000.00 | 26.06.18 | अलीगढ़ | 02 |
| | 26.06.18 | महाराजगंज | 01 |
| | 21.06.18 | सहारनपुर | 01 |
| | 14.06.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 12.06.18 | मीरजापुर | 01 |
| | 09.06.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| 15,000.00 | 29.06.18 | मऊ | 01 |
| | 12.06.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 11.06.18 | फर्रूखाबाद | 02 |
| | 05.06.18 | मेरठ | 01 |
| | 05.06.18 | वाराणसी | 02 |
| 12,000,00 | 27.06.18 | हमीरपुर | 01 |
| 10,000.00 | 28.06.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 14.06.18 | भदोही | 01 |
| | 05.06.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| 5,000.00 | 27.06.18 | मुजफ्फरनगर | 02 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद मथुरा, एटा, मुरादाबाद, शामली, रायबरेली, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, अलीगढ़, बुलन्दशहर, कौशाम्बी, खीरी, बस्ती, अमरोहा, बिजनौर, बहराइच, कुशीनगर, सहारनपुर, सम्भल, बागपत, फिरोजाबाद, बाराबंकी, इलाहाबाद, हाथरस, मुजफ्फरनगर, मेरठ, जौनपुर, गाजीपुर, कौशाम्बी, उन्नाव, देवरिया, चन्दौली, हरदोई, बलिया, बदायूँ, मऊ इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन

चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान एवं आग्नेयास्त्रों की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

## कल्याणकारी कार्य

दिनांक 07.01.2009 को कानपुर देहात में नियुक्त आरक्षी 483 ना0पु0 वरूण कुमार मिश्रा एवं आरक्षी 777 ना0पु0 जितेन्द्र सिंह ड्यूटी पर रवाना हुए कि रास्ते में ट्रक चालक की लापरवाही से दोनों घायल हो गये। घटना में आरक्षी वरूण की घटनास्थल पर मृत्यु हो गयी तथा आरक्षी जितेन्द्र लगातार ''कोमा'' में है। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.ने शासन से कर्तव्य के दौरान दुर्घटना के फलस्वरूप लम्बे समय तक ''कोमा'' में गये अराजपत्रित पुलिस कर्मी के परिवार को अनन्तिम असाधारण पेंशन या ''कोमा'' अवधि का पूर्ण वेतन दिये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध किया है।

## आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने एडीजी ज़ोन, आईजी/डीआईजी रेन्ज, समस्त एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र संख्या–34/2018 दिनांक 28.06.2018 द्वारा कारागारों में निरुद्ध बन्दियों के बीमार होने पर इलाज हेतु अस्पताल ले जाते समय पुलिस स्कोर्ट की व्यवस्था हेतु निर्देश,

2) डीजी–परिपत्र संख्या–33/2018 दिनांक 23.06.2018 द्वारा विधि विज्ञान प्रयोगशाला, उ.प्र. से वैज्ञानिक परीक्षण के सम्बन्ध में नमूना संकलित करने एवं उसके परिप्रेक्ष्य में पृच्छा किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र संख्या–31/2018 दिनांक 21.06.2018 द्वारा जनपदों में फायर सर्विस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पर्यवेक्षण का दायित्व जनपदीय पुलिस अधीक्षक में निहित होने के दृष्टिगत सम्यक निर्देश,

4) डीजी–परिपत्र संख्या–30/2018 दिनांक 13.06.2018 द्वारा प्रदेश के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बढ़ रही पुलिस की चुनौतियों, उत्तरदायित्वों एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा कानून व्यवस्था एवं अपराध के पृथकीकरण के सम्बन्ध में प्रदत्त निर्देशों के क्रम में एसएसपी/एसपी द्वारा क्षेत्राधिकारी मुख्यालय के थानों पर प्रभारी निरीक्षक(भारसाधक अधिकारी) के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण में 1–अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक (प्रशासन), 2–अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक (अपराध) एवं 3– अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक (कानून व्यवस्था) नियुक्त करने के निर्देश व उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व निर्धारण,

5) डीजी–परिपत्र संख्या–29/2018 दिनांक 09.06.2018 द्वारा रिट याचिका (सी)संख्या:231/2010 शक्ति वाहिनी बनाम भारत संघ व अन्य में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश,

6) डीजी–परिपत्र संख्या–28/2018 दिनांक 07.06.2018 द्वारा विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग किये जाने किये के सन्दर्भ में मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश,

7) डीजी–परिपत्र संख्या–27/2018 दिनांक 06.06.2018 द्वारा मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा रिट याचिका संख्या:19073/2018 श्रीमती ऊषा जैन बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में दिये गये आदेशों के अनुपालन हेतु निर्देश,

8) छोटे–छोटे विवादों/रंजिश को चिन्हित कर समय से निराकरण कराकर ऐसी घटनाओं पर त्वरित पुलिस कार्यवाही करने हेतु निर्देश,

9) पुलिस मित्र और सामुदायिक पुलिसिंग का सदुपयोग किये जाने सम्बन्धी निर्देश,

10)दिनांक 25.06.2018 को प्रदेश के सर्राफा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश एवं

11) मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच, लखनऊ में योजित पीआईएल (सिविल) संख्या: 13864/2018 में दिये गये आदेश के अनुक्रम में पतंग उड़ाने हेतु सिंथेटिक मांझा/सीसा लेपित/नायलॉन पतंग डोरी एवं चाइनीज़ मांझा के निर्माण एवं भण्डारण, उपयोग एवं बिक्री पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

- उ.प्र. पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या: दो–(सम्पूर्ति) वर्दी निर्देश–2017 दिनांक 28.05.2018 द्वारा उ.प्र. महिला पुलिस कर्मियों (अराजपत्रित) की वर्दी निर्धारित की गयी है।

## गोष्ठियाँ/कॉन्फ्रेंस/सेमिनार

- उ.प्र.पु. अकादमी, मुरादाबाद में दिनांक 29/30.06.2018 को उ.प्र.पु. में पी.पी.एस. (सम्प्रति आई.पी.एस. में प्रोन्नत) के 30 वर्ष या पूर्व इस संस्था से प्रशिक्षित सेवारत अधिकारियों के प्रथम रि–यूनियन सेमिनार को दिनांक 30.06.2018 को पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया।



- दिनांक 22.06.2018: पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.ने मुख्यालय के समस्त एडीजी के साथ कानून व्यवस्था गोष्ठी में प्रदेश में पुरस्कार घोषित, वांछित एवं फरार, टॉप–10 अपराधियों, भू–माफिया, नये गैंगों का चिन्हीकरण, जेल में निरुद्ध/सक्रिय अपराधियों का डेटाबेस, हर्ष फायरिंग रोकने, हिस्ट्रीशीटरों की समीक्षा, गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही, गैरजमानती वारण्ट तामीला, पाक्सो एक्ट अभियोगों की विवेचना इत्यादि सम्बन्ध में निर्देशित किया।

- दिनांक 21.06.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की अध्यक्षता में यूपी 100 में प्राइवेट सुरक्षा अधिकरण के 65 प्राइवेट सुरक्षा/कैश एण्ड कैरी के संचालकों के साथ प्राइवेट सुरक्षा को सुदृढ़, व्यवस्थित, गुणवत्तापरक व गतिशील बनाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई।



- दिनांक 20.06.2018 : यूपी 100 के सभागार में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने एस.डी.आर.एफ., उ.प्र. के अधिकारियों को बल की महत्ता व आपदा चुनौतियों से अवगत कराते हुए अपनी एन.डी.आर.एफ. नियुक्ति में महसूस की गयी चुनौतियों के परिपेक्ष्य में मार्गदर्शन किया।



- दिनांक 11.06.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पीएसी मुख्यालय के अधिकारियों के साथ पीएसी की क्षमता, प्रशिक्षण, परिचालन, आधुनिक शस्त्रों के प्रशिक्षण इत्यादि विषयों पर गोष्ठी की।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

- दिनांक 10.06.2018 से यातायात नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध सम्पन्न अभियान में एक सप्ताह में 24,906 दो पहिया व 15,087 चार पहिया वाहन चेक किये। 43,475 वाहन चालक बिना हेल्मेट मिले। 45,714 चालान व 1,745 वाहन सीज़ किये। 38,302 वाहनों से रु. 84,02,200.00 शमन शुल्क वसूल किया।
- दिनांक 05.06.2018 से 07.06.2018 तक विगत पाँच वर्षों में सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों यथा लूट, डकैती, चेन स्नैचिंग में अभियुक्त रहे व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाया गया। दिनांक 12.06.2018 को समीक्षा से पाया गया कि कुल 2,57,786 अभियुक्त जमानत पर हैं, 20,323 जमानत पाये अपराधियों का सत्यापन किया गया। 18 फर्जी जमानतदारों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।
- दिनांक 04.06.2018 : बैंकों के आस–पास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के चेकिंग अभियान में प्रदेश में 10,125 बैंक, 3767 वाहन व 35,803 संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। 178 संदिग्धों के विरूद्ध कार्यवाही की। 83 वाहन सीज़ किये। 233 वाहनों के चालान किये। रु. 1,59,810 शमन शुल्क वसूला।
- दिनांक 01/02.06.2018 : बाजार/ मॉल्स/ भीड़भाड़ वाले इलाके/शहर के सर्राफों की दुकानें/सिनेमाहॉल/मल्टीप्लेक्स कॉम्प्लेक्स आदि की चेकिंग अभियान में प्रदेश में 355 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये।
- दिनांक 31.05.2018/01.06.2018 को सराय, ढाबा, धर्मशाला, रेलवे/बस स्टेशन एवं बावरिया गिरोह के सम्भावित ठिकानों आदि की चेकिंग अभियान में 652 गिरफ्तारियाँ की गयीं।

## विविध

- दिनांक 29.06.2018 : यूपी 100 सभागार में पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने भारत दर्शन पर उ.प्र. आये 17 प्रशिक्षु आई.पी.एस. से मुलाकात की जिनमें भूटान के 03, नेपाल के 01 व मालद्वीप के 04 प्रशिक्षु भी सम्मिलित थे। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने यूपी 100, 1090, एटीएस, एसटीएफ, ट्विटर व प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी।



- आरक्षी, नागरिक पुलिस/पी.ए.सी. के पदों पर सीधी भर्ती–2018 की ऑफलाइन लिखित परीक्षा दिनांक 18/19.06.2018 को 56 जनपदों में दो शिफ्ट में 860 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई जिसमें 22,78,184 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।



- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मा. प्रधानमंत्री, भारत सरकार के Fitness Challenge को स्वीकार कर प्रदेश के सभी आई.पी.एस. अधिकारियों को फिटनेस के साथ उक्त Challenge को पुलिस के मूल कार्य से जोड़ने का आव्हान किया। समस्त एडीजी/आईजी/डीआईजी व जनपद प्रभारियों को दिनांक 14.06.2018 को 1730 से 1830 बजे तक पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करने के निर्देश दिये। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने स्वयं भी लखनऊ में पैदल गश्त की।



- दिनांक 26.06.2018 : मुख्यालय पुलिस महानिदेशक पर नशा मुक्ति का संकल्प लिया।
- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा 01 प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण) व 36 प्रशंसा चिन्ह (रजत) प्रदान किये जाने की घोषणा की गयी।
- श्री प्रवीण सिंह, पुलिस महानिदेशक एवं श्री प्रमोद कुमार मिश्र, पुलिस महानिरीक्षक को सेवानिवृत्त पर भाव–भीनी विदाई दी गयी।



- जनपद सहारनपुर का थाना गागलहेड़ी पश्चिमी उ. प्र. का आईएसओ 9001:2015 प्रमाण–पत्र धारक प्रथम थाना बना।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

- दिनांक 30.06.2018 : आईजी, मुरादाबाद रेन्ज कार्यालय में मीडिया सेल व पुलिस लाइन में नारी उत्थान केन्द्र का उद्घाटन किया।
- दिनांक 26.06.2018 : गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। गाजियाबाद में एकीकृत ई–चालान निर्गमन प्रणाली का शुभारम्भ, यूपी 100 की 109 नई मोटरसाइकिलों को रवाना, ''डायल–एफआईआर'' का उद्घाटन व 64 कार्मिकों को प्रशस्ति–पत्र दिये गये।
- दिनांक 02.06.2018 : अलीगढ़ भ्रमण, समीक्षा बैठक व कार्य सुधार हेतु निर्देश दिये गये।

## यूपी 100 मुख्यालय पर गतिविधियाँ

- दिनांक 29.06.2018 : यूपी100 मुख्यालय पर पी. आर.वी. (कमाण्डर/सब कमाण्डर) के, दिनांक 11.06. 2018 से 29.06.2018 तक, 18 दिवसीय प्रथम सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण, में 25 जनपदों के 98 कर्मियों ने भाग लिया।
- दिनांक 28.06.2018 : यूपी 100 एवं पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, भारत सरकार के सहयोग से एक हितधारक सम्मेलन, सीसीटीवी सर्विलॉन्स कैमरा टेक्नालॉजी एण्ड सस्टेनेबल कम्युनिटी इम्प्लीमेण्टेशन, ''दृष्टिकोण'' का आयोजन किया गया। उद्घाटन पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने किया। समापन श्री सुरेश खन्ना, मा. मंत्री, शहरी विकास, उ.प्र. ने किया तथा सन्देश दिया कि ''हम बदलेंगे तो लोग बदलेंगे, और लोग बदलेंगे तो देश बदलेगा''।



- यूपी 100 मुख्यालय में दिनांक 11.06.2018 से 'डेटा विश्लेषण तथा प्रेडिक्टिव पुलिसिंग' पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई।

## 'विश्व पर्यावरण दिवस''

- दिनांक 05.06.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्यालय पर वृक्षारोपण किया तथा सायं 1090 चौराहे से पुलिस लाइन्स, लखनऊ तक पर्यावरण जागरूकता मोटर साइकिल रैली की अगुवाई की।



निर्देशन : श्री दीपक रतन, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के सहायक। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री राहुल श्रीवास्तव, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500